हिंदी दैनिक

# उदय समाचार

एक नई सोच

वर्ष : 01 अंक : 216 कानपुर, बुधवार 3 अगस्त 2022 पृष्ठ :4 मूल्य : 2 रुपये

## दिवंगत कैबिनेट मंत्री कमल रानी वरुण की पुण्यतिथि में दी गई श्रद्धांजलि

## मालदीव के राष्ट्रपति सोलिह भारत यात्रा पर, पीएम मोदी की मौजूदगी में हुए कई करार

मालदीव के राष्ट्रपति इब्राहिम मोहम्मद सोलिह चार दिनी यात्रा पर भारत आए हैं। मंगलवार को उन्होंने दिल्ली के हैदराबाद हाउस में पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। मुलाकात के बाद दोनों नेताओं की मौजूदगी में कई द्विपक्षीय करारों पर दस्तखत किए गए। मोदी व सोहिल ने साझा बयान भी जारी किया। इसमें पीएम मोदी ने कहा कि हमने ग्रेटर माले में 4000 सामाजिक आवास के निर्माण की परियोजनाओं की समीक्षा की। हम 2000 सामाजिक आवास इकाइयों के लिए अतिरिक्त वित्तीय सहायता प्रदान करेंगे। राष्ट्रपति सोलिह पीएम मोदी के न्योते पर भारत आए हैं। दोनों नेताओं ने दोनों देशों के बीच व्यापक साझेदारी में प्रगति की समीक्षा की। उनके साथ एक उच्च स्तरीय अधिकारी और व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल भी आया है।

सोलिह की यात्रा पर विदेश मंत्रालय ने ट्वीट किया, एक करीबी दोस्त और समुद्री पड़ोसी का गर्मजोशी से स्वागत! मालदीव के राष्ट्रपति इब्राहिम मोहम्मद सोलिह आधिकारिक यात्रा के लिए नई दिल्ली पहुंचे। हमारे दोनों देशों के बीच अटूट दोस्ती को मजबूत करने और बहुआयामी साझेदारी को और गति देने का अवसर है। सोलिह दिल्ली यात्रा के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भी मिलेंगे। विदेश मंत्री एस. जयशंकर भी राष्ट्रपति सोलिह से मुलाकात करेंगे। नई दिल्ली में आधिकारिक कार्यक्रमों के अलावा, राष्ट्रपति सोलिह दिल्ली




में एक भारतीय व्यापार प्रतिनिधिमंडल के साथ चर्चा करेंगे। वे मुंबई का भी दौरा करेंगे और व्यापारिक कार्यक्रमों में भाग लेंगे । मालदीव हिंद महासागर क्षेत्र में भारत का प्रमुख पड़ोसी देश है। वह भारत की पड़ोसी पहले नीति में विशेष स्थान रखता है।


हाल के वर्षों में दोनों देशों ने सहयोग के सभी क्षेत्रों में तेजी से रिश्ते मजबूत किए हैं।

## आकंड़ों के साथ राहुल गांधी का केंद्र सरकार पर वार, कहा– इन्हें महंगाई कैसे दिखेगी

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने देश में महंगाई को लेकर केंद्र पर निशाना साधा है. उन्होंने ट्वीट करते हुए कहा कि अमृतकाल के जश्न में मगन भाजपा सरकार ने सदन में कह दिया कि, देश में महंगाई है ही नहीं. राहुल ने आगे लिखा कि ख़ैर, इन्हें महंगाई दिखाई कैसे देगी? आंखों पर अहंकार की पट्टी बांध कर, मित्रों को फ्री फंड में देश की संपत्ति जो बेच रहे हैं. राहुल गांधी के ट्वीट में केंद्र सरकार द्वारा देश की संपत्ति बेचे जाने की बात कही है. एक दिन पहले ही संसद में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने महंगाई को लेकर सरकार का पक्ष रखा था.

निर्मला सीतारमण ने कहा था कि पूरी दुनिया के मुकाबले भारत में महंगाई बेहतर स्थिति में है. सरकार की कोशिश है कि महंगाई दर को 7 फीसदी से





"महंगाई है ही नहीं"

आंकड़े सच्चाई बयां कर रहे हैं

| रोज़मर्रा की ज़रूरतें | मूल्य 2019 | मूल्य 2022 | वृद्धि |
|---|---|---|---|
| पेट्रोल | ₹73 | ₹97 | 33% |
| डीज़ल | ₹66 | ₹90 | 36% |
| LPG | ₹494 | ₹1053 | 113% |
| नमक | ₹18 | ₹24 | 33% |
| अरहर दाल | ₹90 | ₹110 | 22% |
| सोयाबीन तेल | ₹92 | ₹162 | 76% |
| सरसों तेल | ₹110 | ₹175 | 59% |
| चाय | ₹212 | ₹282 | 33% |

नीचे रखा जाए और सरकार इसमें कामयाबी रही है. भारत की तुलना पाकिस्तान, बांग्लादेश से ना की जाए । राहुल गांधी के ट्वीट में साल 2019 से साल 2022 के बीच बढ़ी महंगाई की सूची भी है. जिसमें पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस सहित खाद्य पदार्थों के पुरानी और नई कीमत के बताई गई है. साथ ही कितने प्रतिशत की वृद्धि हुई है यह भी बताया है ।

## पीएम मोदी ने प्रोफाइल फोटो में लगाया तिरंगा, देशवासियों से भी की डीपी बदलने की अपील

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट की प्रोफाइल तस्वीर को बदल लिया है और डीपी पर तिरंगा लगा लिया है. दरअसल आकाशवाणी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बातश के 91वें संस्करण में देशवासियों से संवाद करते हुए प्रधानमंत्री ने हर घर तिरंगा अभियान का उल्लेख किया था और लोगों से दो से 15 अगस्त के बीच अपने सोशल मीडिया अकाउंट की प्रोफाइल तस्वीर के रूप में तिरंगा को लगाने का आह्वान किया था. वहीं आज दो अगस्त को पीएम ने तिरंगा को अपनी प्रोफाइल तस्वीर के तौर पर लगाया है । इस मौके पर पीएम ने एक ट्वीट भी किया और लिखा, आज 2 अगस्त विशेष है! ऐसे समय में जब हम आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं, हमारा देश हर घर तिरंगा अभियान के लिए तैयार है, जो हमारे तिरंगे को मनाने के लिए एक सामूहिक आंदोलन है. मैंने अपने सोशल मीडिया पेजों पर डीपी बदल दी है और आप सभी से भी ऐसा करने का आग्रह




के बीच अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर तिरंगा का इस्तेमाल प्रोफाइल तस्वीर के तौर पर करने का आह्वान किया था. साथ ही उन्होंने लोगों से हर घर तिरंगा अभियान में शामिल होने की गुजारिश की थी. शाह की अपील, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के यह कहने के बाद आई है कि आजादी का अमृत महोत्सव एक जनआंदोलन बन गया है और लोगों से दो से 15 अगस्त आह्वान किया. बता दें कि केंद्र सरकार के हर घर तिरंगा अभियान के तहत इस महीने तीन दिनों तक देश भर में 20 करोड़ से अधिक घरों पर तिरंगा फहराया जाएगा.

कार्यक्रम के तहत 13 से 15 अगस्त तक जनभागीदारी से घरों के ऊपर तिरंगा फहराया जाएगा और सरकारी एवं निजी प्रतिष्ठान भी इसमें शामिल होंगे ।

## मुख्यमंत्री योगी ने कहा– कम बारिश के बाद भी नहीं होने देंगे किसानों का नुकसान

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इस बार प्रदेश में कम बारिश हुई है। फिर भी किसानों का नुकसान नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने सभी जिलों में बारिश और बोआई की सतत समीक्षा के निर्देश दिए हैं। वे सोमवार को संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक में बोल रहे थे। सीएम ने कहा कि कृषि, सिंचाई, राहत, राजस्व समेत सभी संबंधित विभाग अलर्ट मोड में रहें। हर जिले में कृषि विज्ञान केंद्रों, कृषि विश्वविद्यालयों और वैज्ञानिकों के माध्यम से किसानों से सतत संवाद बनाए रखें और सही जानकारी किसानों को उपलब्ध कराएं। वर्षा मापक यंत्रों को विकास खंड स्तर पर लगवाए जाएं। बाढ़ या अतिवृष्टि की स्थिति पर भी नजर रखें। आपदा प्रबंधन टीमें हर समय सक्रिय रहें। उन्होंने दलहनी व तिलहनी फसलों का उत्पादन मांग के अनुरूप लाने के लिए ठोस कार्ययोजना बनाने के भी निर्देश दिए। कहा, बुंदेलखंड क्षेत्र में इसमें अपार संभावनाएं हैं। बैठक में बताया गया कि कानपुर, अमरोहा, मुरादाबाद, गोंडा, मऊ, बहराइच, बस्ती, संतकबीरनगर, गाजियाबाद, कौशांबी, बलिया, श्रावस्ती, गौतमबुद्ध नगर, शाहजहांपुर, कुशीनगर, जौनपुर, कानपुर देहात, फर्रुखाबाद और रामपुर जिलों में सामान्य की तुलना में 40 फीसदी से कम बारिश हुई है। फिरोजाबाद, एटा, हाथरस, खीरी, औरैया, चित्रकूट, प्रतापगढ़, वाराणसी और हापुड़ में सामान्य (80 से 120 प्रतिशत) और मथुरा, बलरामपुर, ललितपुर, इटावा, भदोही, अंबेडकरनगर, मुजफ्फरनगर, गाजीपुर, कन्नौज, जालौन, मेरठ, संभल, सोनभद्र, लखनऊ, सहारनपुर और मिर्जापुर में सामान्य से कम (60 से 80 प्रतिशत) बारिश हुई है। 30 जिलों में 40 से 60 फीसदी ही बारिश हुई है।

इस पर सीएम ने कहा कि सरकार ने नहरों और नलकूपों



के विस्तार से सिंचाई सुविधा को बेहतर बनाया है। रामपुर ऐसा जिला है सामान्य की तुलना में सिर्फ 18 प्रतिशत ही बारिश हुई है, लेकिन यहां 98 प्रतिशत फसल की बोआई हो चुकी है। सीएम ने एक सप्ताह में सभी जिलों में कृषि फसलों की मैपिंग कराकर फसल बोआई का विवरण तैयार करने के निर्देश दिए। सीएम ने कहा कि नदियों की ड्रेजिंग के प्रयासों के अच्छे परिणाम मिले हैं। इसे आगे भी जारी रखें।

नदियों से निकली बालू की नीलामी में पूर्ण पारदर्शिता बरतें। नीलामी का भौतिक सत्यापन भी कराएं। वाराणसी में गोवर्धन योजना गोपालकों के आय संवर्धन का बेहतरीन माध्यम बन कर उभरा है। बदायूं में गाय के गोबर से पेंट बनाने का अभिनव कार्य हो रहा है। सीएम ने कहा निराश्रित गोवंश के प्रबंधन का मॉडल तैयार करना होगा। बायो फ्यूल को भी प्रोत्साहन दिया जाना चाहिए ।

## अमित शाह से मिले शुभेंदु अधिकारी, घोटाले में शामिल टीएमसी शामिल नेताओं की लिस्ट सौंपी

पश्चिम बंगाल के भाजपा नेता शुभेन्दु अधिकारी ने मंगलवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से संशोधित नागरिकता कानून को जल्द से जल्द लागू करने का आग्रह किया। इस पर शाह ने उन्हें आश्वासन दिया कि इसके बारे में नियम कोविड–19 रोधी टीके की एहतियाती खुराक देने की कवायद पूरी होने के बाद तैयार किए जाएंगे। पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता अधिकारी ने शाह से मुलाकात के बाद संवाददाताओं से कहा कि उन्होंने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के लगभग 100 नेताओं की एक सूची भी सौंपी, जो कथित रूप से भर्ती घोटाले में शामिल थे, जिसमें राज्य के पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी को गिरफ्तार किया गया है। घोटाले में शामिल सभी लोगों को बेनकाब करने के लिए व्यापक जांच की मांग करते हुए अधिकारी ने केंद्रीय गृह मंत्री को विधायकों सहित कुछ टीएमसी नेताओं के लेटरहेड भी दिए, जिनका इस्तेमाल कथित तौर पर रिश्वत लेकर नौकरियों के लिए कुछ नामों की सिफारिश करने के वास्ते किया गया था। उन्होंने शाह से मुलाकात के बाद ट्वीट किया, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से संसद में उनके कार्यालय में 45 मिनट तक मिलना मेरे लिए सम्मान की बात है। मैंने उन्हें बताया कि पश्चिम बंगाल सरकार किस तरह शिक्षक भर्ती घोटाले जैसी भ्रष्ट गतिविधियों में पूरी तरह से डूबी है। उनसे सीएए को जल्द से जल्द लागू करने का भी अनुरोध किया। अधिकारी ने संवाददाताओं से कहा कि सीएए को लागू करना पश्चिम बंगाल के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, जहां बड़ी संख्या में लोग इसके प्रावधानों से लाभान्वित हो सकते हैं। सीएए 11 दिसंबर, 2019 को संसद द्वारा पारित किया गया था और 24 घंटे के भीतर 12 दिसंबर को इसे अधिसूचित कर दिया गया था। हालांकि, इसका कार्यान्वयन अटका हुआ है, क्योंकि अभी तक नियम नहीं बनाए गए हैं। सीएए के खिलाफ देशभर में प्रदर्शन हुए थे और



आलोचकों का कहना है कि यह मुसलमानों के साथ पक्षपात करता है। मई में, बंगाल में एक रैली को संबोधित करते हुए शाह ने कहा था कि कोविड महामारी समाप्त होने के बाद कानून लागू किया जाएगा।

यह कानून पड़ोसी देशों–बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान के ऐसे उत्पीड़ित अल्पसंख्यकों को नागरिकता प्रदान करने की बात कहता है, जो 31 दिसंबर 2014 तक भारत आ गए थे। वहीं, भाजपा की पश्चिम बंगाल इकाई के अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने पत्रकारों से बातचीत में टीएमसी नेता और राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि उनके संकेत के बिना भर्ती घोटाला नहीं हो सकता था। अधिकारी ने कहा कि घोटाले से शिक्षक बनने की इच्छा रखने वाले 80–90 लाख लोगों का करियर बर्बाद हो गया।

## जेपी नड्डा ने सभी सांसदों को दिए तिरंगा कार्यक्रमों में शामिल होने के निर्देश

बीजेपी संसदीय दल की बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सभी सांसदों को तिरंगा को लेकर के पार्टी द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होने का निर्देश दिया है. संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने संसदीय दल की बैठक के बाद कहा कि पार्टी 9 अगस्त से लेकर के 15 अगस्त तक तिरंगा को लेकर के विशेष कार्यक्रम आयोजित करने जा रही है । केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि 9 अगस्त से लेकर के 11 अगस्त तक देश के सभी हिस्सों में प्रभात फेरी कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा. इसके साथ ही साथ 10 अगस्त से लेकर के 12 अगस्त तक बीजेपी की युवा मोर्चा देश के सभी हिस्सों में तिरंगा बाइक यात्रा आयोजित करेगी. इसके साथ ही साथ पार्टी ने 13 अगस्त से 15 अगस्त तक हर नागरिक के घर में तिरंगा लहराने का कार्यक्रम बनाया है. 14 अगस्त को पार्टी



विभाजन की विभीषिका का संस्मरण दिवस मनाएगी । केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी के अनुसार प्रभात फेरी में रघुपति राघव और वंदे मातरम गाया जाएगा और इस तरह के प्रत्येक कार्यक्रमों में सभी सांसदों को शामिल होने का निर्देश दिया गया है. केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी का कहना है कि कल तिरंगा बाइक यात्रा लाल किले से विजय चौक तक निकाली जाएगी. जिसे उपराष्ट्रपति झंडा दिखाकर रवाना करेंगे. इसके साथ 5 अगस्त की शाम को सभी सांसद उपराष्ट्रपति चुनाव को लेकर के बैठक करेंगे । गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज अपने ट्विटर प्रोफाइल की फोटो को बदलकर तिरंगे का फोटो लगाया है. बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भी अपनी ट्विटर की प्रोफाइल फोटो को बदल दिया है. पीएम नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में लोगों से 2 अगस्त से 15 अगस्त तक अपने सोशल मीडिया की प्रोफाइल फोटो की जगह तिरंगा लगाने का आग्रह किया था ।

# सम्पादकीय

## विचाराधीन कैदियों की रिहाई की बने राह

अदालतों में चल रहे मुकदमों और जेलों में बंद गरीब कैदियों की मदद के लिए जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर विधिक सेवा प्राधिकरण का गठन किया गया है. कानूनी सहायता से जुड़े हुए जजों की पहली बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विचाराधीन कैदियों के मुद्दे को उठाते हुए कहा कि कारोबारी सुगमता (ईज ऑफ डूईंग बिजनेस) की तर्ज पर ईज ऑफ जस्टिस यानी न्याय की सुगमता भी जरूरी है. कानून मंत्री किरेन रिजिजू, सर्वोच्च न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश एनवी रमना और अन्य जजों ने भी गरीबों को जल्द न्याय देने और कैदियों की रिहाई की बात कही. संविधान के अनुसार गरीब–अमीर सभी बराबर हैं, तो फिर अमीरों की तरह गरीबों को भी जल्द न्याय मिलना उनका संवैधानिक अधिकार है. संविधान के अनुच्छेद 21 में मिले जीवन के अधिकार के तहत लोगों को जल्द न्याय मिलना जरूरी है. इसके बावजूद देश में लगभग 4.88 लाख लोग जेलों में बंद हैं, जिनमें 3.71 लाख विचाराधीन कैदी हैं. इनमें से अधिकतर गरीब, अशिक्षित, अनुसूचित जाति, जनजाति और कमजोर वर्गों से हैं. ब्रिटिश हुकूमत के दौर में भारत के लोगों को जीवन और स्वतंत्रता का अधिकार नहीं था, लेकिन आजादी के बाद पुलिस और न्यायिक व्यवस्था में औपनिवेशिक मानसिकता खत्म नहीं होने से विचाराधीन कैदियों का मामला नासूर–सा बन गया. इन वक्तव्यों तथा पहली बार आदिवासी समुदाय से किसी व्यक्ति, वह भी महिला, के राष्ट्रपति बनने से उम्मीदें बढ़ी हैं. इस संदर्भ में तीन जरूरी पहलुओं को समझना जरूरी है– (1) पुलिस द्वारा बेवजह और गैर–जरूरी गिरफ्तारी. मजिस्ट्रेट के आदेश के बगैर किसी भी व्यक्ति को आठ घंटे से ज्यादा जेल में नहीं रखा जा सकता है. लोगों को पुलिस कब, क्यों और कैसे गिरफ्तार करे, इसके लिए भी कानूनी प्रावधानों के साथ सुप्रीम कोर्ट के अहम फैसले हैं. जिन मामलों में सात साल से ज्यादा की सजा हो, आरोपी के भागने की आशंका हो, सबूतों के साथ छेड़छाड़ हो सकती हो और हिरासत में लेकर पूछताछ जरूरी हो, उन्हीं मामलों में गिरफ्तारी होनी चाहिए,

लेकिन इन नियमों को अनदेखा कर पुलिस द्वारा मनमाने तौर पर गिरफ्तारी विचाराधीन कैदियों की समस्या का सबसे बड़ा मर्ज है. गिरफ्तारी के बाद जमानत का नियम है और जेल भेजना अपवाद है. (2) थकी हुई न्यायिक व्यवस्था. पुलिस की एफआइआर और स्टोरी पर आंख मूंद कर भरोसा कर ट्रायल कोर्ट के मजिस्ट्रेट आरोपी को जेल भेजने का आदेश पारित कर देते हैं. इसलिए जेलों में बंद कैदियों के मर्ज के लिए पुलिस से ज्यादा मजिस्ट्रेट और जजों की जवाबदेही है. (3) अंग्रेजों के जमाने के दो शताब्दी पुरानी पुलिस जांच और फौजदारी कानून. तकनीकी विकास के साथ कंप्यूटर, इंटरनेट और सोशल मीडिया आम लोगों की जिंदगी का हिस्सा बन गये हैं. दूसरी तरफ सीआरपीसी कानून के तहत पुलिस जांच और साक्ष्य कानून के तहत सबूतों को जुटाने का सिस्टम ब्रिटिशकालीन ही है. इस वजह से पुलिस जांच के बाद लंबे–चौड़े आरोप–पत्र दायर करने का चलन खत्म नहीं हो रहा. इसलिए गवाहों की लंबी सूची और मोटी फाइलों के बोझ से दबी अदालतों से फैसला और न्याय की बजाय लंबी तारीख मिलती है. दूसरी तरफ रईस और रसूखदार लोगों को साम, दाम, दंड और भेद के इस्तेमाल से जल्द न्याय मिल जाता है. ऐसे में न्याय के महंगा होने के साथ लोगों में असमानता भी बढ़ गयी, जिसके लिए प्रधान न्यायाधीश ने चिंता और बेचौनी जाहिर की है. पुराने कैदी रिहा हों और नये कैदियों की आमद कम हो. इन पहलुओं से विचाराधीन कैदियों के मर्ज को दुरुस्त करने के लिए रोडमैप बनाने के साथ कई मोर्चों पर काम करने की जरूरत है. सुप्रीम कोर्ट के हाल के तीन अहम फैसलों को पूरे देश में प्रभावी तरीके से लागू किया जाए, तो इस मर्ज को आगे बढ़ने से रोका जा सकता है. पहला, सीआरपीसी कानून की धारा 41 के तहत संदिग्ध या आरोपी को पुलिस जांच में बुलाने से पहले नोटिस देना जरूरी है. अगर आरोपी हाजिर होता है, तो फिर शिकायत या संदेह के आधार पर उसकी गिरफ्तारी नहीं होनी चाहिए. अगर नोटिस के तहत कोई व्यक्ति हाजिर नहीं होता, तो भी अदालत से वारंट हासिल करने के बाद ही गिरफ्तारी होनी चाहिए. दूसरा, सुप्रीम कोर्ट के नये फैसले में दिये गये जरूरी दिशानिर्देश के अनुसार जमानत की अर्जी को दो सप्ताह में और अग्रिम जमानत की अर्जी को छह सप्ताह में निपटाना चाहिए. सुप्रीम कोर्ट के अनुसार आपराधिक मामलों में दोषसिद्धि की दर बहुत कम है और लगातार हिरासत में रहने के बाद किसी का बरी होना बेहद अन्याय की बात है. सभी उच्च न्यायालयों से कहा गया है कि जमानत की शर्त पूरी करने में असमर्थ विचाराधीन कैदियों का पता लगाकर उन्हें जल्द राहत दी जाए. तीसरा, छत्तीसगढ़ के एक मामले में सुप्रीम कोर्ट ने फैसला दिया कि सजा पूरी होने के बाद किसी भी व्यक्ति को जेल में रखना संविधान के अनुच्छेद 19 (1)–डी और 21 का सरासर उल्लंघन है. कोर्ट ने छत्तीसगढ़ सरकार को आदेश दिया कि सजा से ज्यादा समय तक जेल में रखने के लिए कैदी को 7.5 लाख रुपये का हर्जाना मिले तथा दोषी अधिकारियों को चिह्नित कर उनके खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए. छिंदवाड़ा के एक मामले में मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को तीन लाख रुपये मुआवजा देने का आदेश दिया.

**उदय समाचार**
**दैनिक**
स्वामी प्रकाशक व मुद्रक उदय कुशवाहा द्वारा हर्षिता प्रिंटर्स साकेत नगर कानपुर नगर (उ प्र) से छपवाकर कार्यालय - जवाहर नगर पूर्वी घाटमपुर कानपुर नगर से प्रकाशित।
**संपादक**
**उदय कुशवाहा**
Title Code - UPHIN49938
नोट- समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त लेखों एवं समाचारों की जिम्मेदारी लेखकों की होगी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र कानपुर न्यायालय मान्य होगा।

# आज का इतिहास – 3 अगस्त




राजस्थान के क्रमबद्ध इतिहास लेखन के प्रथम इतिहासकार मुहणौत नैणसी का निधन 3 अगस्त 1670 को हुआ था। राबर्ट लासैले ने 3 अगस्त 1678 में अमेरिका में पहले जहाज का निर्माण किया। आज ही के दिन 1749 में चन्दा साहिब ने कर्नाटक के तत्कालीन नवाब अनवररुद्दीन को अंबर के युद्ध में परास्त कर, उसका अंत कर दिया। मेजर पोफम की अगुआयी में कैप्टेन ब्रूस ने 3 अगस्त 1780 को ग्वालियर पर कब्जा किया। रिचर्ड आर्कराइट का निधन आज ही के दिन 1792 में हुआ। पंचवटी, यशोधरा, साकेत जैसी कालजयी रचनाओं के कवि मैथलीशरण गुप्त का जन्ध्म आज ही के दिन 1886 को हुआ था। भारत के प्रसिद्ध क्रांतिकारी और पाकिस्तान में प्रथम उच्चायुक्त श्रीप्रकाश का जन्म 3 अगस्त 1890 को हुआ था। फर्स्ट वन टायर एंड रबर कंपनी की स्थापना आज ही के दिन 1900 में हुई थी। आज ही के दिन 1908 में मौलवी खुदाबक़्श खान का निधन हुआ। 3 अगस्त 1914 को प्रथम विश्व युद्ध के दौरान जर्मनी ने फ्रांस के खिलाफ युद्ध की घोषणा की। पहला समुद्री जहाज पनामा नहर से 3 अगस्त 1914 को गुजरा था। भारतीय गीतकार और शायर शकील बदायूँनी का जन्म 3 अगस्त 1916 को उत्तर प्रदेश के शहर बदायूँ में हुआ था। भारतीय संगीतकार तथा बाल अभिनेता जयदेव का जन्म 3 अगस्त 1919 को हुआ था। अमेरिकी इंजीलवादी और लेखक रॉबर्ट समनर का जन्म आज ही के दिन 1922 में हुआ। आज ही 1933 में मिकी माउस वॉच पहली बार पेश की गई। एडोल्फ हिटलर ने आज ही के दिन 1934 में चांसलर और राष्ट्रपति के पद का विलय कर खुद को नेता घोषित किया।

भारतीय शास्त्रीय गायक छन्नूलाल मिश्रा का जन्म 3 अगस्त 1936 को हुआ था। 3 अगस्त 1937 को आन्द्रेस गिमेनो का जन्म हुआ था। वे एक सेवानिवृत्त स्पेनिश टेनिस खिलाड़ी हैं। उनकी सबसे बड़ी उपलब्धि 1972 में आई, जब उन्होंने फ्रेंच ओपन जीता और 34 साल की उम्र में खुले युग में सबसे उम्रदराज ग्रैंड स्लैम चौंपियन बने रहे। भारतीय क्रिकेटर अपूर्व सेनगुप्ता का जन्म 3 अगस्त 1938 को लखनऊ, उत्तर प्रदेश में हुआ था। बांग्ला सहित्य के एक प्रमुख कवि उत्पलकुमार बसु का जन्म 3 अगस्त 1939 में हुआ।

कृष्णराज वोडेयार चतुर्थ का निधन 3 अगस्त 1940 को हुआ। वे नलवडी कृष्ण राज वाडियार के नाम से भी लोकप्रिय थे, भारतीय सेना का एक सैनिक बाबा हरभजन सिंह का जन्म 3 अगस्त 1941 में पंजाब के कपूरथला ज़िले में ब्रोंदल नामक ग्राम में हुआ था। उन्हें भारतीय सेना के सैनिकों द्वारा नाथुला का नायक कहा जाता है, जिन्होंने उनके सम्मान में एक मंदिर बनाया था। भारतीय क्रिकेटर बलविंदर संधू का जन्म 3 अगस्त 1956 को हुआ था। भारतीय क्रिकेटर गोपाल शर्मा का जन्म 3 अगस्त 1960 को हुआ था। भारतीय फ़िल्म अभिनेता फैज़ल ख़ान का जन्म 3 अगस्त 1966 को हुआ था। पंजाबी गायक मनमोहन वारिस का जन्म 3 अगस्त 1967 में हुआ। उन्हे द किंग ऑफ भांगड़ा के नाम से जाना जाता है फ्रांस ने आज ही के दिन 1968 में मुरुओरा द्वीप पर परमाणु परीक्षण किया। अमेरिका ने आज ही 1979 में नेवादा में परमाणु परीक्षण किया। 3 अगस्त 1981 में फ्रांस ने प्रशांत महासागर में परमाणु परीक्षण किया। भारतीय फुटबॉलर सुनील चेत्री का जन्म 3 अगस्त 1984 को हुआ था। सुनील चेत्री को 200, 201, 2013, 2014, 2017 और 2018–19 में छह बार एआईएफएफ प्लेयर ऑफ द ईयर का खिताब भी दिया गया है। बाबा आम्टे को जनसेवा के लिए रेमन मैगसेसे पुरस्कार आज ही के दिन 1985 में प्रदान किया गया।

स्वतंत्रता सेनानी, राजनीतिज्ञ तथा उड़ीसा और मध्य प्रदेश के भूतपूर्व राज्यपाल सी. एम. पुनाचा (चेप्पूदिरा मुथाना पुनाचा) का निधन 3 अगस्त 1990 को हुआ था। हिन्दुस्तान रिपब्लिकन ऐसोसिएशन के एक प्रमुख सदस्य प्रेमकृष्ण खन्ना का निधन आज ही के दिन 1993 में हुआ।

भारत के प्रसिद्ध आध्यात्मिक चिंतक तथा वेदान्त दर्शन के विश्व प्रसिद्ध विद्वान स्वामी चिन्मयानंद का निधन 3 अगस्त 1993 को हुआ था। 3 अगस्त 1998 को मुंबई के बांद्रा में इमारत ढहने से 35 व्यक्तियों की मौत हुई। ब्रिटेन की क्वीन मदर द्वारा अपनी 100वीं वर्षगांठ आज ही के दिन 2000 में मनायी गई। सूर्य में 3 अगस्त 2010 को हुए कोरोनल मास इजेक्शन के कारण उत्तपन्न हुई आवेशित चुंबकीय गैसीय बादलों की सोनामी पृथ्वी की कक्षा की ओर बढ़ रही है। महिलाओं के यौन उत्पीड़न के खिलाफ आज ही के दिन 2012 में कार्यस्थल पर सुरक्षा विधेयक, 2010 पारित। 3 अगस्त 2016 को पुष्पकमल दाहाल नेपाल के 39 वें प्रधानमन्त्री बने। आज ही 2018 को भारत को एशिया प्रशांत प्रसारण विकास संस्ध्थान का दो वर्ष के लिए अध्ध्यक्ष चुन लिया गया। 3 अगस्त 2018 को आंध्रप्रदेश में कुरनूल जिले में ग्रेनाइट की एक खदान में हुए विस्फोट में ग्यारह मजदूर मारे गए। आज ही के दिन 2018 को लोकसभा ने राष्ध्ट्रीय खेल विश्ध्वविद्यालय विधेयक 2018 पारित किया। 3 अगस्त 2018 को अफगानिस्तान के पूर्वी प्रांत पकतिया में एक मस्जिद पर आत्मघाती हमले में 29 लोग मारे गए और 80 लोग घायल हुए।

आज ही के दिन 2018 को बम्ध्बई शेयर बाजार 37 हजार 556 की नई ऊंचाई पर बंद हुआ। जबकि नेशनल स्ध्टॉक एक्ध्सचेंज का 11 हजार 361 पर पहुंच गया।

# अस्पताल से ईडी कार्यालय ले जाते वक्त पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी पर महिला ने फेंका जूता

पश्चिम बंगाल में शिक्षक नियुक्ति के चर्चित मामले के आरोपी पार्थ चटर्जी पर एक महिला ने जूता फेंका. उनपर जूता उस वक्त फेंका गया जब उन्हें इसीआई अस्पताल से ईडी कार्यालय ले जाया जा रहा था. पश्चिम बंगाल के पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी पर जूता फेंकने वाली महिला ने स्पष्ट कहा कि मैं उन पर अपना जूता फेंकने आई थी. उन्होंने गरीब लोगों से पैसे लिए हैं. मुझे खुशी होती अगर जूता उनके सर पर लगा होता.

**चिकित्सकीय जांच के लिए अस्पताल लाए गए थे**

रविवार को ईडी अधिकारी पार्थ चटर्जी और उनकी करीबी अर्पिता मुखर्जी को चिकित्सीय जांच के लिए सॉल्टलेक के सीजीओ कॉम्प्लेक्स स्थित केंद्रीय जांच एजेंसी के कार्यालय से जोका इएसआई अस्पताल ले गये थे.

**मेरे खिलाफ साजिश हुई**

अस्पताल ले जाते समय व्हीलचेयर पर बैठे पार्थ चटर्जी ने पत्रकारों के सवाल–जवाब का तल्ख लहजे में देते हुए कहा कि मेरे खिलाफ साजिश हुई है. हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि वह किसकी साजिश के शिकार हैं. करीब डेढ़ घंटे बाद व्हीलचेयर पर ही पार्थ को बाहर लाया गया.

तब भी उनसे पूछा गया कि वह किसकी साजिश की बात कह रहे हैं? तब पार्थ बोले, "जिसने साजिश की है, वे समझ जायेंगे. पार्टी का फैसला देख लीजिए." यह पूछने पर कि क्या पार्टी का फैसला सही है, पार्थ का जवाब था, "समय ठीक नहीं है, जांच प्रभावित हो सकती है. वक्त ही बतायेगा." मुख्यमंत्री द्वारा उनके संबंध में लिये गये फैसले पर पार्थ ने कहा, "ममता बनर्जी का फैसला सही है." बता दें कि गिरफ्तारी से पहले पार्थ चटर्जी के पास औद्योगिक व संसदीय मामलों का विभाग था. वहीं शिक्षा विभाग भी वे संभाल रहे थे.

**अर्पिता के दो ठिकानों से मिले हैं 50 करोड़ रुपये**

बताते चलें कि पार्थ चटर्जी के शिक्षा मंत्री रहते हुए शिक्षक भर्ती में घोटाला हुआ था, जिसकी जांच के दौरान उनकी करीबी अर्पिता मुखर्जी के ठिकानों से करोड़ों की नकदी और सोना बरामद किये गये. अर्पिता के अलग–अलग फ्लैटों से लगातार नोटों की बड़ी खेप मिल रही है. अब तक उसके दो ठिकानों से करीब 50 करोड़ रुपये और पांच करोड़ से ज्यादा मूल्य के सोने के गहने बरामद हुए हैं. साथ ही करोड़ों की अचल संपत्तियों की दलीलें भी मिली हैं. वहीं, इडी की पूछताछ में पार्थ यह कह रहे हैं कि उन पैसों से उनका कोई लेना–देना नहीं है, पर अर्पिता कबूल कर चुकी है कि बरामद नकदी पार्थ चटर्जी के ही हैं.




# सलमान खान बुलेटप्रूफ लैंड क्रूजर एसयूवी से पहुचे एयरपोर्ट, कार की कीमत जानकर हो जायेंगे हैरान

मुंबई पुलिस ने बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान को बंदूक रखने के लिए लाइसेंस जारी कर दिया है. सलमान और उनके पिता सलीम खान को पिछले दिनों एक धमकी भरी चिट्ठी मिली थी जिसमें उन्हें जान से मारने की धमकी मिली थी. जिसके बाद सुपरस्टार ने लाइसेंस के लिए आवेदन किया था. लॉरेंस बिश्नोई और गोल्डी बरार गिरोह से कथित तौर पर जान से मारने की धमकी मिलने के बाद पुलिस ने अभिनेता की सुरक्षा भी बढ़ा दी है. इस बीच एक्टर का एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें वो अपनी बुलेटप्रुफ कार से बाहर निकलते दिख रहे हैं.

**इतनी है बुलेटप्रुफ कार की कीमत**

सोमवार को सलमान खान को अपनी बुलेटप्रूफ कार में एयरपोर्ट पहुंचने पर क्लिक किया गया. सलमान ने कथित तौर पर अपनी टोयोटा लैंड क्रूजर एसयूवी को आर्मर और बुलेटप्रूफ ग्लास से अपग्रेड किया है. रिपोर्ट्स के मुताबिक, सलमान की नई गाड़ी की कीमत 1.5 करोड़ रुपये है. बता दें कि बुलेटप्रूफ स्क्रीन लगाने में अतिरिक्त खर्च आता है.

**सलमान खान का वीडियो वायरल**

सलमान खान का वीडियो विरल भयानी ने शेयर किया है. इस वीडियो में एक्टर सुरक्षाकर्मियों और भरोसेमंद बॉडीगार्ड शेरा के साथ नजर आ रहे हैं. अभिनेता ने पीच कलर की शर्ट और ब्लैक पैंट में नजर आ रहे हैं. एयरपोर्ट पर प्रशंसकों ने सलमान का स्वागत किया गया, हालांकि अभिनेता तस्वीरों के लिए नहीं रुके. हालांकि उन्होंने प्रशंसकों को देखकर उनका अभिवादन किया. अभिनेता क्लीन शेव लुक में थे.

**सलमान खान को मिला था धमकी भरा पत्र**

पिछले महीने सलमान खान और उनके पिता सलीम खान को एक पत्र मिला था, जिसमें धमकी दी गई थी कि दोनों का पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला जैसा हश्र किया जाएगा. मूसेवाला की मई में हत्या कर दी गई थी. पत्र मिलने के बाद सलमान की सुरक्षा बढ़ा दी गई थी.

बता दें कि सिद्धू मूसेवाला की हत्या के मामले में एक आरोपी गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई ने कथित तौर पर पूछताछ के दौरान खुलासा किया कि वह 2018 में सलमान खान को मारने की साजिश रच रहा था.



सलमान खान की आनेवाली फिल्में सलमान खान की फिल्मों की बात करें तो एक्टर फरहाद सामजी की फिल्म भाईजान में बिजी है. इसके अलावा उनके पास कभी ईद कभी दीवाली, टाइगर 3,नो एंट्री सीक्वल और दबंग 4 जैसे कई प्रोजेक्ट पाइपलाइन में है.

# 18 लाइन के ज्ञापन में हैं 15 गलतियां

स्ववित्तपोषित महाविद्यालय एसोसिएशन, अलीगढ़ के पदाधिकारी, सदस्य व प्रोफेसरों द्वारा यूनिवर्सिटी के कुलपति को हिंदी में ज्ञापन लिखा. ज्ञापन में कुल 18 लाइन हैं और इन 18 लाइन में 15 गलतियों को आसानी से देखा जा सकता है. इस ज्ञापन को जो भी देखता है, वह यह कहते हुए नहीं रह सकता कि जब डिग्री कॉलेज चलाने वाले और डिग्री कॉलेज में पढ़ाने वाले महानुभावों का हिंदी को लेकर के ज्ञान इतना खस्ता है, तो फिर डिग्री कॉलेज में पढ़ने वाले बच्चों का भविष्य कैसा होगा?

**किसने लिखा ऐसा ज्ञापन?**

राजा महेंद्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार महेश कुमार ने बताया कि ज्ञापन में इतनी ज्यादा गलतियों का, जो मामला सामने आया है, जांच कराएंगे कि ऐसा ज्ञापन किसके द्वारा लिखा गया ? ज्ञापन से संबंधित एसोसिएशन के संज्ञान में मामला लाया जाएगा और डिग्री कॉलेजों में हिंदी के ज्ञान को लेकर गंभीर रहने के लिए निर्देशित करेंगे.



# दिवंगत कैबिनेट मंत्री कमल रानी वरुण की पुण्यतिथि में दी गई श्रद्धांजलि

उदय समाचार । कानपुर । दिवंगत कैबिनेट मंत्री कमल रानी वरुण की दूसरी पुण्यतिथि कार्यक्रम में आधा दर्जन के करीब विधायक सम्मिलित रहे। जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद व क्षेत्रीय अध्यक्ष मानवेन्द्र सिंह व अन्य भाजपा नेताओं ने कमल रानी वरुण के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धान्जलि अर्पित की। इस दौरान दिवंगत मंत्री की पुत्री जिला पंचायत अध्यक्ष स्वप्निल वरुण को आशीर्वाद देते हुए सभी भाजपा नेताओं ने उन्हें कमल रानी वरुण के पदचिह्नों पर चलने एवं विशाल सफलता हासिल करने की बात कही। कस्बे के एक निजी गेस्ट हाउस में आयोजित कार्यक्रम में करीब 1000 लोग उपस्थित रहे। इस दौरान राज्यमंत्री रामकेश निषाद, विधायक गोविंदनगर सुरेंद्र मैथानी, घाटमपुर विधायक सरोज कुरील, शिक्षक विधायक अरुण पाठक, बिल्हौर विधायक राहुल काला बच्चा सोनकर, जिलाध्यक्ष कृष्णमुरारी शुक्ला, समेत करीब दो दर्जन लोगों ने जनसमूह को सकंबोधित किया। अपने संबोधन में दिवंगत मंत्री को याद करते हुए गोविंद नगर विधायक सुरेंद्र मैथानी की आंखों में आंसू आ गए। याद करते हुए उन्होंने कहा कि उनके कई चुनावों में दिवंगत कैबिनेट मंत्री जी जीतोड़ मेहनत कर उन्हें जिताने का काम किया है। वे हमेशा मुझे अपना भाई मानती थीं। दिवंगत कमलरानी



वरुण की बेटी कानपुर जिंप अध्यक्ष स्वप्निल वरुण अपनी मां की दूसरी पुण्यतिथि पर रोती रहीं। कहा कि घाटमपुर उनका ननिहाल है। यहां पर अधिकांश लोग उनके रिश्तेदार हैं। कहा कि मां के ना रहने के बाद अब यही लोग उनके अभिवावक हैं। कहा की आप सभी अपना आशीर्वाद यूं ही मुझ पर बनाए रखें, ताकि मैं मां के सपनों को पूरा कर सकूं।

## नए पुलिस कमिश्नर बीपी जोगदंड ने संभाला चार्ज, गिनाई प्राथमिकताएं, बोले- जल्द सुधरेगा यातायात

कानपुर । नए पुलिस कमिश्नर बीपी जोगदंड ने चार्ज संभालने के साथ ही अपनी प्राथमिकताएं गिनाईं। यातायात व्यवस्था और विवेचनाओं की गुणवत्ता के लिए एसओपी के जरिए सुधार किया जायेगा। पुलिस कमिश्नर ने कहा की शासन की जो प्राथमिकताएं हैं उसे हर हाल में पूरा किया जायेगा। अपराध और अपराधियों के लिए जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाएगी। पुलिस कमिश्नर ने कहा की यातायात के बारे में जानकारी जुटाने के लिए विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर एसओपी के तहत कार्य किया जाएगा।

एक्सपर्ट के जरिए कहां–कहां डायवर्जन होने हैं



कहां वन वे और कहां व्यवस्था को दुरुस्त करना है इस पर कार्य किया जायेगा।

जल्द ही शहर के लोगों को यातायात व्यवस्था में सुधार दिखेगा। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि नई इमारत के लिए प्रस्ताव भेजा जा चुका है। प्रयास होगा कि इस साल तक शासन से उसकी स्वीकृति के साथ ही कारदाई संस्था चिन्हित कर दी जाए।

## महंगाई की मार, सीएनजी गैस 6 रुपये और पीएनजी 4 रुपये हुई महंगी

कानपुर । देश में ईंधन की महंगाई थमने का नाम नहीं ले रही है। सीएनजी और पीएनजी की कीमत मंगलवार को फिर बढ़ गई। कानपुर में सीएनजी की कीमत में प्रति किलो 6 रुपये और पीएनजी की कीमत में प्रति एससीएम 4 रुपये की बढ़ोतरी की गई है। बढ़ी हुई कीमतें आज से लागू हो गई हैं। इस बढ़ोतरी के बाद कानपुर में सीएनजी की कीमत 98 रुपये प्रति किलो पहुंच गई है जबकि पीएनजी की नई दर 56 रुपये



प्रति एससीएम हो गई है। सीएनजी की कीमत में इस महीने यह चौथी बढ़ोतरी है। सीयूजीएल मैनेजर मुहि खान ने बताया कि लगातार रूस और यूक्रेन से गैस मंहगी मिलने के कारण दाम बढ़ रहे हैं, नए रेट आज से लागू हो गए है।

# नगर निगम के प्रवर्तन दस्ते ने छापा मारकर पकड़ी 215 किलो बैन प्लास्टिक

कानपुर । पॉलिथीन और थर्माकोल पर पूरी तरह प्रतिबंध लगने के बाद भी शहर में बड़ी मात्रा में भंडारण पकड़ा जा रहा है। मंगलवार को नगर निगम के प्रवर्तन दस्ते ने छापा मारकर नौबस्ता गल्ला मंडी स्थित कुशवाहा डिस्पोजल भंडार से 215 किलो पॉलिथीन जब्त की। प्रवर्तन दस्ते के प्रभारी आलोक नारायण ने बताया कि पास की 2 दुकानों से भी पॉलिथीन पकड़ी गई। दुकानों से कुल 26 हजार रुपए जुर्माना वसूला गया। कुछ लोगों ने हल्का विरोध किया लेकिन फोर्स के आगे कुछ न बोल सके।

दुकानों से प्लास्टिक की चम्मचें, कैरीबैग, गिलास, कटोरी, कांटे, थर्मोकोल प्लेटें इत्यादि पकड़ी गईं। अभियान में प्रवर्तन दल के सूबेदार अवधेश सिंह, लक्ष्मण, वीरेंद्र स्वरूप, रामेंद्र, हवलदार राज नारायण, जितेंद्र बहादुर, राम नरेश, राजेश, इंद्रजीत, धनंजय, जितेंद्र, भूपेंद्र, राजस्व निरीक्षक दिग्विजय शामिल रहे।



## एसपी के आदेश पर 145 अनफिट ई–रिक्शा का चालान, 2.5 लाख रुपये जुर्माना लगाया

फतेहपुर । जाम खुलवाने के दौरान ई–रिक्शा चालक ने साथियों के साथ मिलकर होमगार्ड पर लाठी डंडे हमले कर दिया था। होमगार्ड पर हुए हमले के बाद एसपी के निर्देश पर जिले में ई–रिक्शा के खिलाफ अभियान चलाकर ट्रैफिक पुलिस ने अनफिट ई–रिक्शा का चालान काटा। चालकों को पूरे कागज के साथ चलने की हिदायत दी है। शहर के प्रमुख चौराहा पर यातायात प्रभारी हरेंद्र सिंह द्वारा टीम के साथ मिलकर ई–रिक्शा के कागज व चालक का ड्राइविंग लाइसेंस चेक किया। ई–रिक्शा का कागज व रजिस्ट्रेशन न होने पर और चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस न बने होने पर 145 ई–रिक्शा का चालान काटने के



साथ ढाई लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। यातायात प्रभारी ने बताया कि ई–रिक्शा एजेंसी संचालकों को नोटिस जारी कर बिना रजिस्ट्रेशन के ई–रिक्शा न बेचने का हिदायत दिया गया है। यह अभियान लगातार चलता रहेगा। पम्पलेट के माध्यम से ट्रैफिक नियमों का पालन करने को जागरूक किया जा रहा।

# दोस्तों की जमानत कराने को चाचा के घर कराई चोरी, तीन आरोपी गिरफ्तार

फतेहपुर । जेल में बंद भाई व साथियों की जमानत के लिये 6 महीने पहले चाचा के घर दोस्तों से चोरी की घटना को अंजाम दिलाने वाला शातिर को पुलिस ने उसके दो साथियों के साथ गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों से नकदी, जेवर, तमंचा व कारतूस बरामद हुए हैं। पुलिस पूछताछ में शंकर पासवान ने बताया कि उसका भाई रिशु व दोस्त अमन ठाकुर, सलमान व कार्तिक चोरी के मामले में पहले से जेल में हैं, जिनकी जमानत को पैसों की जरूरत थी तो होली के समय उसने अपने चाचा के घर में चोरी करा दी। शंकर के मुताबिक उस समय रहीस पकड़ गया था तो हम सभी शांत हो गए थे। कुछ दिन पहले वह छूटकर बाहर आ गया तो चोरी के माल का बंटवारा करने को तीनों लोग इकट्ठा हुए थे, तभी पुलिस ने पकड़ा लिया। डीएसपी ने बताया कि शंकर पासवान ने जिले के बहुआ में भी एक चोरी की घटना को अंजाम देने की बात कही है।

ये लोग जेवर को गलाकर सिल्ली तैयार कर बेचने का काम करते हैं। पुलिस को कुछ नाम इन लोगो ने बताया है, जल्द ही और गिरफ्तारी हो सकती है। डीएसपी दिनेश चंद्र मिश्रा ने बताया कि कोतवाली पुलिस ने सदर कोतवाली क्षेत्र के डूडा कालोनी में ईंट भट्ठे के पास से तीनों को पकड़ा लिया। तलाशी



में तमंचा व दो कारतूस और 49 हजार 800 सौ रुपये नकद, चांदी की एक सिल्ली 300 ग्राम की बरामद की गई।

## ग्रामीण इलाकों में रोजाना रात में देखी जा रही बदमाशों की चहल कदमी

### गांवों में समूह वना कर रात को रखवाली कर रहे ग्रामीण

पूरनपुर, पीलीभीत

बदमाशों की चहल कदमी देखे जाने से ग्रामीणों में दहशत वनी हुई है।बीती रात तीन गांव में बदमाशों के घुसने की सूचना पर खलबली मच गई।समूह बनाकर ग्रामीणों ने शोर–शराबा शुरू कर दिया।इस पर बदमाश दबे पांव वापस लौट गए।कुछ लोग इसे अफवाह तो कुछ सच्चाई मान रहे हैं।फिलहाल पुलिस के लिए मामला मुसीबत का सबब बना हुआ है।

पूरनपुर सर्किल क्षेत्र में इन दिनों बदमाशों की चहल कदमी से ग्रामीण दहशत में है।कोतवाली क्षेत्र के गांव दिलावरपुर, सिमराया, नरायनपुर, फत्तेपुर, निरंजनपुर सहित कई गांवो में बीती रात बदमाशों की गांव के बाहर चहल कदमी देखी गई।इसको लेकर ग्रामीण सतर्क हो गए। घटनाक्रम को लेकर खलबली मच गई।ग्रामीणों ने समूह बनाकर इधर–उधर खड़े होकर शोर–शराबा शुरू कर दिया।इस पर बदमाश दाएं वाएं के रास्तों से होकर फरार हो गए।लगातार ग्रामीण अंचलों में बदमाशों की चहल कदमी से ग्रामीणों में दहशत बनी हुई है।बदमाश किसी अप्रिय घटना घटित ना करें इसको लेकर ग्रामीण समूह बनाकर पूरी रात तक रखवाली कर रहे हैं।हालांकि कुछ लोग इसे कोरी अफवाह मान रहे हैं,तो कुछ लोग इसे सच्चाई भी मान रहे हैं।बदमाशों की लगातार चहलकदमी पुलिस के लिए मुसीबत का सबब बनी हुई है।हालांकि पुलिस लगातार सर्किल क्षेत्र में जायजा ले रही है।चौकी प्रभारी मंगल सिंह ने बताया कि गांव में चोरों की कोई सूचना पुलिस को नहीं दी गई है।कुछ गांव में अफवाह फैलाई जा रही है।

# भक्तिभाव से मनाया नाग पंचमी का पर्व

उदय समाचार । कानपुर । घाटमपुर क्षेत्र में नाग पंचमी का पर्व मंगलवार को श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। श्रावण मास भगवान शिव की आराधना का माह होने के साथ ही साथ नाग पंचमी को लेकर देवों के देव महादेव के जलाभिषेक तथा पूजा अर्चना के लिए मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओ का तांता लगा रहा। नाग पंचमी के पर्व पर आराध्य देव को खीर अठवाई का भोग लगाने के बाद महिलाओं ने सांपो के बिलों (बांबी) के पास उन्हें पीने के लिए दूध रखा। नागपंचमी का पर्व बहुत ही धूमधाम से मनाया जाता है। मंगलवार की सुबह से ही लोग अपने घरों में गुड़िया बनाकर



चौराहों, पोखरों और नदध्यिों पर पीटी गईं। लोगों ने भगवान शिव का दर्शन करने के बाद नागों को दूध पिलाया। घरों में घुंघरी बनाई गई। बच्चे घरों में कपड़े की गुड़िया बनाकर उसे चौराहों व नहर किनारे ले जाकर पिटाई की । वहीं मनोकामना पूर्ति के लिए सांप को दूध भी पिलाया गया। मंदिरों में भी शिव दर्शन के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। इसको देखते हुए नगर के प्रमुख मंदिरों पतालेश्वर, रत्नेश्वर सहित अन्य शिव मंदिरों में तैयारियां कर ली गई थी ।

## सांप के काटने से छात्रा की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

फतेहपुर । घर के अंदर मां के साथ फर्श पर लेटी 11वीं कक्षा की छात्रा को जहरीले सांप ने डस लिया, जिसे गंभीर हालत में परिजन जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। डॉक्टर ने कानपुर के हैलट रेफर किया था। कानपुर ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। जिले के हुसैनगज थाना क्षेत्र के रहमत दौलतपुर गांव के रहने वाले पंचमलाल प्रजापति की 16 वर्षीय बेटी सपना मां सुरजकली के साथ घर के फर्श पर लेटी थी। तभी सांप ने डस लिया।बेटी की चीख सुनकर मां की नींद खुली तो सांप को जाते देख शोर मचाया। शोर की



आवाज सुनकर परिजन सपना को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे, जहां मौजूद डॉक्टर ने हालत गंभीर देख कानपुर रेफर कर दिया। कानपुर ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई।मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया।

# सांप के काटने से वृद्ध महिला की हुई मौत

कानपुर । घाटमपुर कोतवाली क्षेत्र के नंदना चौकी अंतर्गत, तेजपुर गांव में जहरीले सांप के काट लेने से एक वृद्धा की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है तेजपुर गांव निवासी स्वर्गीयअरविंद यादव की पत्नी रानी देवी 62 वर्ष, मंगलवार की सुबह छप्पर के नीचे काम कर रही थी।

तभी वहां छिपे जहरीले सांप ने उसे काट लिया हालत बिगड़ने पर जबतक डॉक्टर को दिखाया गया महिला की मौत हो गई। नंदना चौकी इंचार्ज मोहम्मद आरिफ ने बताया कि रानी देवी के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। वहीं, घटना की सूचना तहसील के दैवी आपदा कार्यालय में भी दर्ज कराई गई है।



## तेज रफ्तार कार ने ढाबा कर्मी को रौंदा, हुई दर्दनाक मौत

फतेहपुर । गाजीपुर थाना क्षेत्र के ढाबा में काम करने वाले एक कर्मचारी मंगलवार को सड़क हादसे का शिकार हो गया। थाने के पास तेज रफ्तार कार ने स्कूटी सवार किशोर को रौंद दिया। हादसे में किशोर की मौके पर मौत हो गई। पुलिस ने परिजनों को सूचना देकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना क्षेत्र के बरुहा गांव निवासी सूरज बली का पुत्र आशीष कुमार फतेहपुर मार्ग स्थित एक ढाबे में काम करता था। परिजनों ने बताया कि रोज की तरह मंगलवार सुबह वह काम पर गया था। जहां ढाबा मालिक की



स्कूटी लेकर वह सब्जी लेने सब्जी मंडी जा रहा था। तभी वह थाने से कुछ ही दूरी पर स्थित एक इंटर कालेज के सामने ही पहुंचा था कि तभी तेज रफ्तार कार ने स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही स्कूटी से गिरकर आशीष कार की चपेट में आ गया। हादसा देख लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे लेकिन तब तक किशोर की मौत हो चुकी थी। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की पहचान कराकर परिजनों को जानकारी दी।

# एक्सप्रेस-वे पर डिवाइडर से टकराकर पलटा लोडर, पिता-पुत्र की मौत

उन्नाव । जिले के बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र में आगरा–लखनऊ एक्सप्रेस–वे पर लखनऊ की तरफ जा रहा दूध के पैकेट लदा लोडर चालक को झपकी आने से अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गया। हादसे में रायबरेली निवासी चालक और उसके बेटे की मौत हो गई। जनपद रायबरेली जिले के थाना लालगंज के गांव चचिहा निवासी रामनारायण (30) अपने पिता रामप्रसाद (60) के साथ लोडर में दूध के पैकेट लादकर लखनऊ जा रहा था। सुबह करीब पांच बजे वह दोनों बेहटामुजावर थाना क्षेत्र में सबलीखेड़ा गांव के पास पहुंचे थे तभी लोडर अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर पलट गया।

यूपीडा की रेस्क्यू टीम ने पुलिस की मदद से दोनों को कबांगरमऊ सीएचसी पहुंचाया। जहां डाक्टरों ने पिता व उसके पुत्र को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने परिजनों को सूचना देकर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।



# सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ अभियान, कई दुकानों में पकड़े गए पॉलिथीन बैग

हमीरपुर । मंगलवार को पुलिस प्रशासन ने अभियान चलाते हुए दुकानों में छापेमारी की है। इस दौरान जिन दुकानों में प्रतिबंधित हो चुके सिंगल यूज पॉलीथीन बैग मिले हैं, उसको जप्त किया गया है। साथ ही जुर्माना लगाते हुए वैधानिक कार्रवाई की गई है। पहली जुलाई से सिंगल यूज प्लास्टिक को पूर्णतया प्रतिबंधित किया जा चुका है। इसके बाद भी दुकानदार उसी तरीके से पॉलीथीन बैग इस्तेमाल कर रहे हैं। जिसको देखते हुए पुलिस प्रशासन ने आज अभियान चलाते हुए छापेमारी की है। कई दुकानों में प्रतिबंधित हो चुकी सिंगल यूज प्लास्टिक पकड़ी गई है। हमीरपुर मुख्यालय के सुभाष बाजार, कालपी तिराहा, सब्जी मंडी सहित अन्य इलाकों में पुलिस कार्रवाई से दुकानदारों में अफरा–तफरी मची रही। इस दौरान कुछ दूकानदार दुकानें बंद कर के फरार हो गए। सीओ सदर रवि प्रकाश सिंह ने बताया एक जुलाई से सिंगल यूज् प्लास्टिक पूर्णतया प्रतिबंधित की जा चुकी है। प्लास्टिक बंद होने के बाद भी दुकानदार इसका इस्तेमाल कर रहे हैं। इसी को बंद कराने के लिए आज छापेमारी की गई है। जो दिन भर चलेगी। अभी तक 10 दुकानों में पॉलीथीन बैग मिले हैं। जिसे ज़प्त किया गया है, जुर्माना सहित वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।



# संदिग्ध परिस्थितियों में पेट्रोल पम्प के मैनेजर के सिर में लगी गोली, हालत गंभीर

फर्रुखाबाद । जिले में थाना जहानगंज के छिबरामऊ रोड पर सोनकर इंडियन आयल पेट्रोल पंप पर मैनेजर मनोज राजपूत (45) के सिर में संदिग्ध परिस्थितियों में रविवार देर रात गोली लग गई। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने पेट्रोल पंप के कमरे की कुंडी तोड़ कर घायल को एंबुलेंस से जिला अस्पताल लोहिया में भर्ती कराया। वहां हालत गंभीर देख डॉक्टर ने रेफर कर दिया। परिजन घायल को निजी अस्पताल लेकर चले गए। पुलिस का कहना है कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।



# उन्नाव में फहराए जाएगे 7 लाख झंडे, तिरंगा अभियान को डीएम ने दिखाई हरी झंडी

उन्नाव । आजादी का अमृत महोत्सव को भव्यता देने के लिए जिला प्रशासन ने बड़ी तैयारी की है। जिले में 7 लाख घरों में तिरंगा का लक्ष्य रखा गया है। सीडीओ दिव्यांशु पटेल के प्रयास से सभी 16 ब्लॉकों में 100 फीट ऊंचा झंडा लहराएगा। मंगलवार को तिरंगा अभियान को लेकर रथ को सामग्री के साथ रवाना किया गया है। डीएम अपूर्वा दुबे, एसपी दिनेश त्रिपाठी, सीडीओ दिव्यांशु पटेल ने रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान विकास भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में उन्नाव के सभी विधायक भी मौजूद रहे। घर–घर तिरंगा पहुंचाने पर डीएम अपूर्वा दुबे ने कहा, इसके नोडल मुख्य विकास अधिकारी दिव्यांशु पटेल हैं। हमारे जनपद का जो लक्ष्य 7 लाख है। इसके लिए तैयारी पूरी कर ली गई है। घर–घर हमारा वॉट्सऐप ग्रुप भी बना हुआ है। सब ग्रुप में हर ग्राम पंचायत में कैसे वितरण हो रहा है। उसकी लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। अलग से यहां पर उनके द्वारा डेस बोर्ड विकसित किया गया है कि किस प्रकार से प्रत्येक घर में प्रत्येक ब्लॉक में प्रगति रहेगी। उसकी ऑनलाइन मॉनिटरिंग मे दिखती रहेगी। आपको बता दें की सीडीओ दिव्यांशु पटेल के प्रयास से ब्लॉक स्तर पर सभी 16 ब्लॉकों में 100 फ़ीट ऊंचा तिरंगा लगाया जाएगा। उन्नाव जिलाधिकारी



अपूर्वा दुबे ने बताया की आज सर्वप्रथम हमारे उन्नाव में ब्लाकों मे जो कार्यक्रम होने हैं। उनका सभी जनप्रतिनिधियों के साथ जो वाहन है। सामग्री सहित यहां से रवाना हुए हैं।

# करंट की चपेट में आने से युवक की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

कन्नौज । जिले में तालग्राम थाना क्षेत्र के गांव अमोलर निवासी श्यामवीर उर्फ पिंकू (20) सोमवार देर रात अपने मकान के बाहर पड़ी टीन शेड के पोल को पकड़कर खड़ा था। इसी दौरान ऊपर से निकली बिजली की लाइन का तार टूटकर टीन शेड पर गिर पड़ा। इससे टीन में करंट दौड़ गया। श्यामवीर भी करंट की चपेट में आ गया और बुरी तरह झुलस गया। आनन–फानन परिजन उसे गुरसहायगंज में एक चिकित्सक के पास ले गए, जहां कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।



# कच्ची दीवार गिरने से बच्ची की मौत, मलबे में दबकर पिता पुत्र घायल

हरदोई । शाहाबाद के पाली थाना क्षेत्र के कहारकोला गांव में मकान की कच्ची दीवार ढह गई। जिससे उसमें दबकर एक 8 वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। जबकि पिता–पुत्र घायल हो गए। जिनको स्थानीय पुलिस द्वारा पीएचसी में पहुंचाया गया। जहां उनका इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार सोमवार देर रात्रि को कहारकोला गांव निवासी ऋषिपाल पुत्र रामप्रसाद अपने परिवार सहित घर में सो रहा था। तभी मकान की कच्ची दीवार भरभरा कर गिर गई। जिसमें दबकर ऋषिपाल की 8 वर्षीय बेटी राजबेटी की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उसका 5 वर्षीय बेटा और स्वयं ऋषिपाल घायल हुए हैं।

ग्रामीणों की सूचना पर पाली थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर सुनील दत्त कौल पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। थाना अध्यक्ष द्वारा चोटिल ऋषिपाल और उसके 5 वर्षीय बेटे को इलाज हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पाली पर भिजवाया गया। बच्ची की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया है। परिजनों का रो–रो कर बुरा हाल है। बताया गया ऋषिपाल मजदूरी कर अपना और परिवार का पेट पालता है।



# बच्चों को छीनकर पति ने घर से निकाला, पीड़िता ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार

महोबा । जिले में दहेज की मांग को लेकर विवाहिता के साथ मारपीट करने और दो बच्चों को छीनकर घर से निकाल दिए जाने से पीड़िता दर–दर की ठोकरें खाते घूम रही है। मंगलवार को पीड़िता ने एसपी की चौखट पहुंचकर ससुरालीजनों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। कोतवाली क्षेत्र के बिलवई गांव निवासी आरती अहिरवार ने पुलिस अधीक्षक सुधा सिंह को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसकी शादी नौ साल पहले अरविंद के साथ हुई थी। उसकी दो बच्चे हैं। पति व ससुरालीजन शादी के बाद से दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित करने लगे और मारपीट की जाने लगी। महिला ने आरोप लगाया कि कुछ दिन पहले पति उसे ईट भट्ठा पर काम के लिए फतेहपुर ले गया था। जहां उससे मजदूरी कराई और पेट्रोल डालकर जान से मारने का प्रयास किया। पुलिस लाइन में परिवार परामर्श केंद्र में पति–पत्नी के बीच राजीनामा हुआ था। पति ने एक बार फिर उसके दोनों बच्चों को छीनकर मारपीट की और घर से बाहर निकाल दिया। पति दूसरा विवाह करने की धमकी देकर प्रताड़ित कर रहा है। पीड़िता ने एसपी कार्यालय



पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई है। साथ ही, ससुरालवालों पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।

# नाग पंचमी पर हुआ खेल प्रतियोगिता का आयोजन

## मुख्य अतिथि के रूप में विधायक सरोज कुरील ने की शिरकत

उदय समाचार । कानपुर । घाटमपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम चंवर में जूनियर हाईस्कूल के मैदान में प्रति वर्ष की भांति नाग पंचमी को खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रेस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अनुराग पाल नेहुरा पारा, द्वतीय स्थान शुभम कुशवाहा तिलसड़ा एवम लंबी कूद में प्रथम स्थान देवा यादव अकबरपुर, द्वितीय स्थान गुलफाम देवचली जहानाबाद ने प्राप्त किया। खेल प्रतियोगिता के दौरान मुख्य अतिथि के रूप मे विधायक सरोज कुरील, प्रधान रोहित नंदना, खेमपुर प्रधान, अनिल चौरसिया, प्रधान चंवर अनिल कुशवाहा, सुखराम सिंह, सुनील यादव, सोनू तोमर, रवि तिवारी, अनुज सैनी, ज्ञानेंद्र, मुमताज आदि लोग उपस्थित रहे।



# डीएम ने कंपोजिट स्कूल का किया निरीक्षण, बोले- आधुनिक सुविधाओं से किया जाएगा लैस

हमीरपुर । जिलाधिकारी और सदर विधायक और कम्पोजिट विद्यालय का निरीक्षण किया। जिसकी हालत बेहद खस्ता है। बिल्डिंग जर्जर हो रही है। जगह–जगह कूड़े का अंबार लगा हुआ है। नालियां बजबजा रही हैं। निरीक्षण के दौरान बेसिक शिक्षा अधिकारी भी मौजूद थीं। जिलाधिकारी डॉ. चन्द्र भूषण त्रिपाठी ने निरीक्षण के दौरान कहा, इस विद्यालय का जीर्णोद्धार कराया जाएगा और आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया जाएगा। इस विद्यालय को सदर विधायक मनोज प्रजापति ने हाल ही में गोद लिया था। यह प्राथमिक विद्यालय हमीरपुर मुख्यालय के सराय मोहल्ले में स्थिति है। लंबे वक्त से यह स्कूल जर्जर हो चुका है। जो की बेसिक शिक्षा कार्यालय के सबसे करीब का विद्यालय है। उसकी हालत में सुधार हो।

इसको देखते हुए स्थानीय लोगों सहित व्यापार मंडल के लोगों ने विद्यालय को सदर विधायक को गोद दिलाया था। ताकि विद्यालय की हालत में सुधार आए। इसकी जर्जर हो रही बिल्डिंग का पुनर्निर्माण हो सके, साथ ही



विद्यालय परिसर में साफ सफाई रह सके।

# टोडरपुर गांव में नाग पंचमी के शुभ अवसर पर विशाल मेले का हुआ आयोजन

'हमीरपुर'– कुरारा विकास खंड क्षेत्र के टोडरपुर गांव में नागपंचमी के अवसर पर वासुकि देव मंदिर प्रांगण में विशाल मेले का आयोजन किया गया। वही बाहर से आये भक्तो ने मंदिर में पूजा अर्चना की। प्रतिवर्ष नागपंचमी के दिन टोडरपुर गांव में वासुकि देव मंदिर प्रांगण में विशाल मेला का आयोजन किया जाता है। इस मंदिर में सर्प दंश व कंठमाला , स्तन में गांठ आदि के लोग आस्था के चलते आते हैं। इनका उपचार आदि बासु क देव के पुजारी द्वारा किया जाता है। इस लिए वर्ष में एक बार नागपंचमी के दिन लोगो की भारी भीड़ जमा रही। मेले में आसपास के गांवो के लोगो सहित बाहरी जनपदों से लोग आते हैं। गांव के बाहर बने मंदिर में रात में कोई नहीं रुक पाता है। कई वर्ष से मंदिर के पुजारी लाखन भगत द्वारा देखरेख की जा रही है। उन्होंने बताया कि बासुकि देव की प्रेरणा से सभी सर्प दंश से पीड़ित रोगी ठीक हो जाते हैं।वही बगल में बने शिवमंदिर में कबीर पंथी भजन कीर्तन का कार्यक्रम देरशाम तक चलता रहा। वही भक्तो ने मंदिर में प्रसाद चढ़ा कर पूजा अर्चना की। इस अवसर पर ग्रामीणों का सहयोग रहा।